सकारात्मक- सूचनात्मक उपयोगी समाचार

डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ–153–2022–2024
RNI No. UPHIN/2009/31760
प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981

हिन्दी साप्ताहिक
# श्रम शिखर

केन्द्र सरकार, राज्य सरकार उत्तर प्रदेश, विद्युत विभाग से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत

श्रीकृष्णा भवन ( गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स ) 283, वैस्टर्न कचहरी मार्ग, मेरठ। फोन: 0121-2641338 E-mail : shramshikhar@gmail.com

वर्ष 16 | अंक 35 | 26 अगस्त सोमवार से 01 सितम्बर रविवार 2024 तक | पृष्ठ 04 | मूल्य 8रू/-

आनंद रामायण
YouTube Channel
@Shram Shikhar
@Sadbhavna Waves
WATCH SHARE & SUBSCRIBE
ऑनलाइन/ऑफलाइन कार्यक्रम कवरेज
लाईव/ रिकॉर्डिंग उपलब्ध है।
M. 9219660359

शासन-प्रशासन जानकारियां

## राष्ट्रीय अध्यक्ष सफाई कर्मचारी आयोग का परामर्श स्वच्छकरो के लिए नियमित हैल्थ चैकअप कैम्प आयोजन हो



विकास भवन सभागार में मा० अध्यक्ष राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार श्री एम० वेंकटेशन द्वारा मैन्युअल स्कवेंजर्स अधिनियम २०१३ के जनपद में लागू होने व पालन करने के संबंध में संबंधित अधिकारियो एवं नगर निगम सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियो के साथ बैठक आहूत की गई थी।

इस बैठक में अध्यक्ष ने जनपद में आउटसोर्सिंग के माध्यम से नगर निकायो में तैनात सफाईकार्मिको के वेतन भुगतान, साप्ताहिक अवकाश, ईपीएफ, ईएसआई, बीमा, यूनिफॉर्म एवं न्यूनतम मजदूरी की जानकारी लेते हुये कहा कि स्वच्छकारो को सरकार द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ दिलाया जाये। उन्होने स्वच्छकारो के लिए स्टैण्डर्ड आईकार्ड जारी करने के निर्देश दिये जिसमें ईपीएफ का नंबर, ब्लड ग्रुप, ईमरजेंसी नंबर आदि दर्ज हो। उन्होने कार्यस्थल पर महिलाओ के यौन उत्पीडन की शिकायत से संबंधित विशाखा कमेटी के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुये आवश्यक निर्देश दिये।

उन्होने कहा कि स्वच्छकारो के लिए समय-समय पर हैल्थ चौकअप कैम्प का आयोजन किया जाये। उन्होने जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) से कितने स्वच्छकारो को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम से ऋण दिलाया गया, के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुये कैम्प लगाकर अधिक से अधिक लोगो तक योजना की जानकारी पहुंचाये जाने के निर्देश दिये।

उन्होने कहा कि स्वच्छकार मा० प्रधानमंत्री जी की प्राथमिकता में है तथा उनके लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही है। सरकार की मंशा अनुरूप स्वच्छकारो को लाभ व सहयोग सुनिश्चित किया जाये। संबंधित अधिकारी उनकी समस्याओ को प्राथमिकता पर लेकर एवं मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुये कार्यवाही करें।

नगर निगम सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियो द्वारा संघ के लिए कार्यालय, सफाईकर्मियो के लिए हाजिरी स्थल, सफाई कर्मियो की भर्ती तथा आउटसोर्स सफाई कर्मियो के लिए आवास की सुविधा की मांग की गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी विपिन ताडा, नगर आयुक्त डा० अमित पाल शर्मा, सीडीओ नूपुर गोयल, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट नारायणी भाटिया, नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार, सहायक नगर आयुक्त प्रमोद कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) पंखुरी जैन, डीपीआरओ रेनू श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी, सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी व सफाईकर्मी उपस्थित रहे।

– श्रम शिखर ब्यरो

कृष्ण जन्माष्टमी 2024
राधाकृष्ण



RR Estd. 1979
R.R.ADVERTISING SERVICE
NEWSPAPER, MAGAZINE OUTDOOR, PRINT, EVENTS, POINT OF PURCHASE, SIGNAGE, FILM, DIGITAL AWARENESS PROGRAM, MEDIA INTERNATIONAL, DIGITAL MEDIA
rradvertisingmeerut.com, rradvertisingmeerut@gmail.com
PH.: 0121-2641338, 9690331338

FRIZZON
TRAVEL | EVENTS | FILMS
BOOK NOW
worldwide Travel as you wish
Domestic / International, Cruise, Car-Rental, Hotel, Flight Booking Agency
MEERUT | DELHI | MUMBAI
booking@frizzontravel.com | www.frizzontravel.com
Ph. 0121-2641338, 8266023450

आर आर पाक्षिक बुलेटिन
साप्ताहिक अखबार डी.ए.वी.पी. से मान्यता प्राप्त श्रम शिखर
सद्भावना समिति (पंजी०)

RR GROUP
VISIT LOCATION
Shri Krishan Bhawan,
283, Western Kutchery Road,
Meerut-250001 (U.P.)

SUBSCRIBE LIKE & SHARE
@RR Advertising Services
@Sadbhavna Waves
@Shram Shikhar
@RR Bulletin
देखियें, जुडियें- अपने कार्यक्रम रिकार्ड करके भेजें
नियम व शर्तें लागू।

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



EDUCATION
शिक्षा कार्य- शिक्षा संबन्धित जानकारियों और विभिन्न कोर्सो के विज्ञापन हेतू आवश्यकता/उपलब्धता




## सत्य को हम जानते है, लेकिन जीना नही चाहते। क्योंकि जानना आसान है, जीना मुश्किल ....ओशो

बस मूर्तिकार की एक गलती

तिब्बत में एक महान मूर्तिकार था। वे विश्व के सर्वश्रेष्ठ मूर्तिकार के रूप में जाने जाते थे। ऐसा कहा जाता है कि उनकी बनाई हुई मूर्तियाँ सजीव लगती थीं, मानो वे अभी चलेंगी, बात करेंगी और हमारा स्वागत करेंगी।

मूर्तिकार बूढ़ा हो गया। अब उसे मौत से डर लगने लगा। जैसे-जैसे वह बुड्ढा हुआ, उसे चिंता होने लगी कि मृत्यु के बारे में क्या किया जाए। मूर्तिकार होने के कारण उनके मन में एक विचार आया, की मैं अपनी मूर्तियाँ स्वयं बनाऊँ। जब मृत्यु आएगी तो मैं अपनी सांसें धीमी कर लूंगा और सभी मूर्तियों के बीच खड़ा हो जाऊंगा। फिर मौत मुझे नहीं पहचानेगी।

“उस ने अपनी मूर्तियां बनाकर उसके बीच आ कर खड़ा हो गया।

जब मौत आई तो मूर्तिकार को ढूंढने लगी, लेकिन एक जैसी मूर्तियों के बीच जीवित मूर्तिकार को ढूंढना उनके लिए एक समस्या बन गई। परन्तु मृत्यु ने उस मूर्तिकार की चाल को समझकर कहा, ”हे परमेश्वर! इतनी सुन्दर मूर्ति कला, पर एक गलती रह गई।

“यह सुनकर मूर्तिकार भूल गया कि वह छिपा हुआ है। वह बाहर आकर बोला, ”कौन सी गलती?

“मौत हँसी और बोली, ”तुम पकड़े गये! गलती यह है कि आप स्वयं को नहीं भूल सकते। अब मेरे साथ चलो।

“ओशो के विचार:

अहंकार मृत्यु है। यदि अहंकार है तो मृत्यु है। जिस क्षण अहंकार नष्ट हो जाता है, उसी क्षण मृत्यु विदा हो जाती है। मृत्यु का भ्रम और भय इसलिए है क्योंकि हम अपनी अलग सत्ता के भ्रम में रहते हैं। अहंकार की मृत्यु ही नवजीवन की संभावना है।

– ओशो

## ओशो ..... भगवान को खोजने से पहले स्वयं को जान लो !

खुद को जानने में ही वह जान लिया जाता है जो परमात्मा है एक संन्यासी सारी दुनिया की यात्रा करके भारत वापस लौटा था !एक छोटी सी रियासत में मेहमान हुआ उस रियासत के राजा ने जाकर संन्यासी को कहा : स्वामी , एक प्रश्न बीस वर्षो से निरंतर पूछ रहा हूं ! कोई उत्तर नहीं मिलता क्या आप मुझे उत्तर देंगे ? स्वामी ने कहा : निश्चित दूंगा ।

उस संन्यासी ने उस राजा से कहा : नहीं , आज तुम खाली नहीं लौटोगे द्य पूछो -उस राजा ने कहा : मैं ईश्वर से मिलना चाहता हूं । ईश्वर को समझाने की कोशिश मत करना द्य मैं सीधा मिलना चाहता हूं ! उस संन्यासी ने कहा : अभी मिलना चाहते हैं कि थोड़ी देर ठहर कर ? राजा ने कहा : माफ करिए , शायद आप समझे नहीं ! मैं परम पिता परमात्मा की बात कर रहा हूं , आप यह तो नहीं समझे कि किसी ईश्वर नाम वाले आदमी की बात कर रहा हूं य जो आप कहते हैं कि अभी मिलना है कि थोड़ी देर रुक सकते हो ? उस संन्यासी ने कहा : महानुभाव , भूलने की कोई गुंजाइश नहीं है द्य मैं तो चौबीस घंटे परमात्मा से मिलाने का धंधा ही करता हूं द्य अभी मिलना है कि थोड़ी देर रुक सकते हैं , सीधा जवाब दें ! बीस साल से मिलने को उत्सुक हो और आज वक्त आ गया तो मिल लो ! राजा ने हिम्मत की उसने कहा : अच्छा मैं अभी मिलना चाहता हूं मिला दीजिए ! संन्यासी ने कहा: कृपा करो , इस छोटे से कागज पर अपना नाम पता लिख दो ताकि मैं भगवान के पास पहुंचा दूं कि आप कौन हैं ! राजा ने लिखा कहा अपना नाम , अपना महल , अपना परिचय , अपनी उपाधियां और उसे दीं ! वह संन्यासी बोला कि महाशय , ये सब बाते मुझे झूठ और असत्य मालूम होती हैं जो आपने कागज पर लिखीं ! उस संन्यासी ने कहा : मित्र , अगर तुम्हारा नाम बदल दें तो क्या तुम बदल जाओगे ? तुम्हारी चेतना , तुम्हारी सत्ता , तुम्हारा व्यक्तित्व दूसरा हो जाएगा उस राजा ने कहा : नहीं, नाम के बदलने से मैं क्यों बदलूंगा ? नाम नाम है , मैं मैं हूं ! तो संन्यासी ने कहा : एक बात तय हो गई कि नाम तुम्हारा परिचय नहीं है , क्योंकि तुम उसके बदलने से बदलते नहीं द्य आज तुम राजा हो , कल गांव के भिखारी हो जाओ तो बदल जाओगे

उस राजा ने कहा : नहीं , राज्य चला जाएगा , भिखारी हो जाऊंगा , लेकिन मैं क्यों बदल जाऊंगा ? मैं तो जो हूं हूं द्य राजा होकर जो हूं भिखारी होकर भी वही होऊंगा ! न होगा मकान , न होगा राज्य न होगी धन- संपति , लेकिन मैं ? मैं तो वही रहूंगा जो मैं हूं !

तो संन्यासी ने कहा : तय हो गई दूसरी बात कि राज्य तुम्हारा परिचय नहीं है , क्योंकि राज्य छिन जाए तो भी तुम बदलते नहीं ! तुम्हारी उम्र कितनी है ? उसने कहा : चालीस वर्ष ! संन्यासी ने कहा : तो पचास वर्ष के होकर तुम दुसरे हो जाओगे ? बीस वर्ष या जब बच्चे थे तब दुसरे थे ? उस राजा ने कहा : नही द्य उम्र बदलती है , शरीर बदलता है लेकिन मैं ? मैं तो जो बचपन में था , जो मेरे भीतर था , वह आज भी है !

उस संन्यासी ने कहा : फिर उम्र भी तुम्हारा परिचय न रहा , शरीर भी तुम्हारा परिचय न रहा ! फिर तुम कौन हो ? उसे लिख दो तो पहुंचा दूं भगवान के पास , नहीं तो मैं भी झूठा बनूंगा तुम्हारे साथ ! यह कोई भी परिचय तुम्हारा नहीं है। राजा बोला : तब तो बड़ी कठिनाई हो गई द्य उसे तो मैं भी नहीं जनता फिर ! जो मैं हूं , उसे तो मैं नहीं जनता ! इन्हीं को मैं जनता हूं मेरा होना । उस संन्यासी ने कहा : फिर बड़ी कठिनाई हो गई , क्योंकि जिसका मैं परिचय भी न दे सकूं , बता भी न सकूं कि कौन मिलना चाहता है , तो भगवान भी क्या कहेंगे कि किसको मिलना चाहता है ? तो जाओ पहले इसको खोज लो कि तुम कौन हो द्य और मैं तुमसे कहे देता हूं कि जिस दिन तुम यह जान लोगे कि तुम कौन हो, उस दिन तुम आओगे नहीं भगवान को खोजने! क्योंकि खुद को जानने में वह भी जान लिया जाता है जो परमात्मा है

–ओशो

## किड्स कॉर्नर

कम उम्र में बच्चों को फोन थमाने से उनका मानसिक विकास मेंटल डेवलेपमेंट प्रभावित होता है। इससे वर्चुअल ऑटिज्म का खतरा बढ़ रहा है।




## चुटकुले भी इशारा है

पप्पू : कल मैनें एक रॉकेट छोड़ा तो सीधा सूरज सेटकरा गया
राजू : फिर क्या हुआ?
पप्पू : फिर मेरी पिटाई हुई।
राजू : किसने पीटा?
पप्पू : सूरज की मम्मी ने यार...

संता : आजकल कल के माँ-बाप बच्चें को पीटने के बाद उसको चुप कराने के लिए चॉकलेट देते है।
राजू : हमको तो पीटने के बाद चुप कराने के लिए दुबारा पीटा जाता था

## हमारे बुजुर्ग-हमारी सम्पदा (मार्ग -दर्शक हमारे वरिष्ठ नागरिक)

वरिष्ठ नागरिक परिचय पुष्प है जिसकी सुगंध से समाज को उनके अनुभवों द्वारा लाभन्वित किया जा सकता हैं। क्योकि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक एक स्वयं संस्थान है । जिसके द्वारा युवा पीढ़ी मार्गदर्शन प्राप्त कर विकास के पथ पर अग्रसर होगी।वरिष्ठ नागरिक फोरम सद्भावनाा समिति मेरठ का मिशन है। कि मेरठ के सभी वरिष्ठ नागरिकों की रचनात्मकता का सदुपयोग हो इसके लिए प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक का परिचय पत्र बनायें जायेगा तथा प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को श्रम शिखर समाचार पत्र की वर्षिक सदस्यता प्रदान की जायेगी जिससे वे अपने अनुभव, रचनाएं (कविता, कहानी, लेख आदि) श्रम शिखर में प्रकाशन हेतू भेज सके।

## तुझको ऐ वतन करते हैं नमन

तुझको ऐ वतन
करते हैं नमन
तेरी अनुपम छटा का,
नहीं है यहां पर तोल ,
हर कोई दिल थाम के,
बोले प्रेम के मीठे बोल
मिलकर करते हैं हम नमन
हमेशा हंसता रहे हमारा चमन
हिमालय की चोटी पर
पहना हे हीरों का हार।
गंगा-जमुना की यहां
बहती हे पावन रसधार।
सबसे प्यारा,सबसे न्यारा
मेरा देश महान् ।
आओ मिलकर हम सब गाएं
भारत का यशगान।
आओ मिलकर हम सब गाए
जन-गण-मन के गीत।
दुनिया को हम बांटें सदा ,
प्यार वाली प्रीत।
इसकी गौरव गाथा न्यारी ।
वीर शहीदों की धरती हमारी,
हमको भारत माता हे प्यारी ।
दुनिया से अलग सदा,
हे इसकी पहचान।
अद्भुत इतिहास भारत का
ज्योतिष,दर्शन और ज्ञान-विज्ञान।
एक स्वर में हम सब बोलें यहां
जय-जवान,जय-किसान,जय-विज्ञान।
इंद्र धानुषसी संस्कृति कि
अनोखी है इसकी शान,
सब मिलकर कहते हैं यहां
मेरा भारत महान्।
सदियों से पुराना रहा
अपना अनोखा एक विधान।
आज दुनिया में सबसे बड़ा,
अपना प्यारा संविधान।
विविध संस्कृति का हे यह,
दमकता सरताज।
आज तक ना बदल सकी दुनिया।
विविधता में एकता का है
इसका अद्वितीय राज।
ऋषि मुनि की इस पावन धरा को
करते हैं हम मिलकर नमन।
अनेकता में एकता का
देता संदेश हमारा चमन।
शांति और सद्भाव का
और अहिंसा का पुजारी
हे हमारा यह वतन।
देता विश्व को सदा मानवता
और भाईचारा का संदेश।
विविध भाषा-धर्म-संस्कृति में
झूमता यहां का हर प्रदेश।
वसुधैव कुटुंबकम से
मान बढ़ाया विश्व में,
सत्य, अहिंसा और प्रेम से
बांधे एक सूत्र में।
दुनिया में रहा हमारा अगणित उपकार।
दुनिया को लूटा नहीं हमने कभी,
किया सदा प्यार और सद्व्यवहार।
सब नत-मस्तक होकर अपनाते
गीता, बाइबल, कुरान, को।
श्रद्धा और विश्वास से गाते सदा
मिलकर यहां गुरु बानी को।
राष्ट्र की बलिवेदी पर देनी पड़े
हमें अपनी जान को।
हंसते-हंसते दे देंगे जान,
वतन के लिए कुर्बानी को।

डॉ.कान्ति लाल यादव

## तुमसे कहता हूँ : प्रेम के आदर्श छोड़ो।

घृणा यथार्थ है, तो इसी घृणा पर आंखें गडाओ। इसके साक्षी बनो। इसको पहचानो। इसकी पर्तकृदरकृपर्त गहराई में उतरो। इसकी सीढ़ियों को पार करो। इस घृणा से परिचित होना ही होगा कि यह घृणा क्यों है, क्या है? कहां से आती है? क्यों आती है? इसका राज क्या है? इसका बल कहां छिपा है? इसी खोज से तुम चकित हो जाओगे। जिस दिन तुम घृणा के सारे मार्ग जान लोगे, उसके उठने के, जगने के सारे उपाय पहचान लोगेय जिस दिन तुम घृणा का सारा शिकंजा समझ लोगेकृउसी दिन तुम उसके बाहर हो जाओगे। समझ मुक्ति है। क्योंकि जिसने घृणा के सब रास्ते जान लिये, वह भूल कर भी घृणा नहीं कर सकता। वह नींद में भी घृणा नहीं कर सकता। स्वप्न में भी घृणा नहीं कर सकता। क्यों? क्योंकि घृणा आत्मघाती है। यह अपने ही जीवन के आनंद को अपने ही हाथों नष्ट करना है। और जो घृणा नहीं कर सकता, उसके भीतर प्रेम का आविर्भाव होता है -स्वामी योगेश निषाद

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www.shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



+HEALTH+
स्वास्थ्य संबन्धित जानकारियां और विभिन्न रोगों के उपचार विज्ञापन के हेतू आवश्यकता/उपलब्धता




# मेरठ को साहित्य और सांस्कृतिक-कला गतिविधि भवन कब तक मिलेगा..

गत वर्ष नगर निगम के चुनाव क समय मेरठ के साहित्यकार एंव साहित्य प्रेमियों एंव अन्य नागरिकों द्वारा निगम के बनने वाले मेयर से मेरठ में साहित्य-सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भवन बनवाने की अपेक्षा की थी। मेरठ को नया संसद भी मिल चुका है। स्वयं बडे रंग कार्यो कलाकार है। यह अपेक्षा कब तक पूरी होती है। उस समय कहां गया था कि मेरठ में ऐसा कोई स्थान नही जहां साहित्यकार एंव कलाकार साथ बैठकर कुछ बेहतर कर ने की सोच सकें व गतिविधियां कर सकें।

भाव पीढ़ी को साहित्य एंव संस्कृति की सीख दी जा सकें। मेरठ महानगर में दो विधायक व रामलस्सी राज्यसभा सदस्य भी है। कब तक रंग कार्यो साहित्य गतिविधि मेरठ नगर निगम को मेयर मिले एक वर्ष हो चुका है। संयोग से मेयर प्रदेश एंव देश में सत्तादल भारतीय जनता पार्टी के है। तथा यह पद इनके द्वारा दूसरी बार गृहण किया है। पहले कार्यकाल में उनके समय प्रदेश मे उनके दल की सरकार न ही थी परन्तु इस बार तो उनके दल की राज्य में ही देश मे सरकार है।

साहित्यक गतिविधियां के लिए देश की आजादी के बाद मेरठ में हिन्दी भवन महानगर के घनी आबादी पटेल नगर में हिन्दी प्रेमियों एंव साहित्यकारों ने बनवाया था। एक समय यह सलि साहित्यक गतिविधियों का पश्चिमी उ०प्र० ही नही प्रदेश की साहित्यक गतिविधियां का महत्वपूर्ण केन्द्र रहा पर अफसोस इसे बनववाने में सर्वत्र न्यौछावर करने वालों के आंखे बंद करने के बाद इस भवन के कर्त्ता धर्त्ताओं की उपेक्षा एंव निष्कर्यता ने इस भवन को खण्डर ही नही बनवा दिया बल्कि, इस स्थल पर अवैध कब्जों करा दिए गये है।

जिला प्रशासन एंव अन्य स्तर से एक से अधिक बार यह मांग होती रही है कि इस स्थल बेचकर अन्यथा हिन्दी एंव साहित्य तथा कला गतिविधियों क लिए भवन बनवाया जाये। मेरठ की जन्म भूमि से हिन्दी, उर्दू व अन्य भाषाओं के साहित्यकार, कवि, उपन्यासकार एंव कलाकार देश दुनिया में पहचान देते रहे है। सिनेमा क्षेत्र में बडी हस्तियां वही है। पर अफसोस कोई ऐसा स्थल यहां नही जहां इनकी गतिविधियां हो सके तथी भावी पीढ़ी पहचान के प्रयास कर सकें। मेरठ में स्थित राज्य विश्वविद्यालय सीसीएसयू का नेता जी सुभाष चन्द्रबोस प्रेक्षागृह है। जहां सरकारी राजनीतिक या समाजिक, साहित्यक, कलाकार गतिविधियां कार्यक्रम होते है। शिक्षा के इस बिन्दु स्थल की किसी न किसी रूप में कार्यक्रम होते है। शिक्षा के इस केन्द्र स्थल पर किसी न किसी रूप में कार्यक्रमों की हल चल प्रभावित तो करती है।

मेरठ नगर निगम के मेयर द्वारा अपने इस दूसरे कार्यकाल में निगम को नया अपना कार्यालय वहां मल्टी स्टोरी पार्क व अन्य सर्विस की जरूरत को देखते हुए उपलब्ध कराने में सफलता दिख रहे है। काश व मेरठ महानगर को साहित्यकारो कलाकारों एवं अन्य सामुदायिक गतिविधियां के लए मेरठ की भविष्य की जरूरतों का देखते हुए भवन की उपलब्धता अपने इस मेयर कार्यकाल में दिलाएं।

वर्ष 2024–2025 का मेरठ नगर निगम द्वारा 1324 करोड़ 68 लाख 66 हजार का बजट लगया सर्वसम्मत पारित है। इस बजट में भी इस तरह के भवन की व्यवस्था दिख लाई तो नही मेरठ नगर नगर निगम से इस समय 90 वार्ड है तथा निगर में मेयर का बहुमत भी है।

पक्ष-विपक्ष क पार्षद स्तर से भी मेरठ की इस अपेक्षा की पूर्ति की मांग भी उनके एजेंडें मे अभी तक नही दिखलाई दी है। निगम को नही............

निगम की अपनी बैठक निगम कार्यालय के निकट टाउन हॉल स्थित तिलक हॉल में होती रही है। पर इस बार वहां की छत ने जवाब इस भवन की देखभाल का अपना दिखवा देने के बाद चौ चरणसिंह विश्वविद्यालय के सुभाष प्रेक्षाग्रह में करनी पड़ी। फिर शिक्षण संस्थान का सहारा लेना होता । सुझाव तो यह भी है......

साहित्यक-सांस्कृतिक कला भय गतिविधियां के लिए मांग के अनुरूप जब तक बेहतर स्थान नही मिलता है। तब तक मंगल पांडे स्थित **आवास विकास उ०प्र० का भवन जो प्रेस क्लब के लिए अवतरित है तथा गतिविधियों एंव देखभाल के अभाव में खण्डर की ओर अग्रसर है। नगर निगम, मेरठ विकास प्राधिकरण मिलकर प्रशासन का सहयोग से स्थान मल्टी स्टोरी रूप में कलाकार गतिविधियां के लिए इसको जीर्णोद्धर करने पर विचार करें। रातदिनों जिलाधिकारी मेरठ इस स्थल का निरीक्षण कर चुके है। जिला सूचना विभाग इस स्थल को सदुपयोगी बनाने का कुछ वर्षो हिन्दी भवन की भूमि बेचकर इस स्थल को हिन्दी साहित्यक स्थल के रूप में विकसित करने पर गम्भीरता से विचार हों.....**

**– श्रम शिखर ब्यरो**







सकारात्मक-सूचनात्मक उपयोगी समाचार प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981

E-Paper :shramshikhar.com

केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग एवं भारतीय रेलवे से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत डाक- पंजीकरण संख्या-मेरठ 153.2022.2024 RNI No.UPHIN /2009/31760


साप्ताहिक अखबार श्रम शिखर श्रीकृष्ण भवन (लेन अपोजिट शिव लोक कॉम्पलैक्स), 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ, मो0 9219660359

प्रधान सम्पादक : सुनीता रानी 9897373736
प्रबन्धक : राकेश गुप्ता 9219660359
बिक्री प्रबन्धक : अश्विनी गुप्ता 9358402365
इंटरनेट प्रबन्धक : मेघा अग्रवाल 9219660359
संरक्षक : ब्रज भूषण 9457213164
कानूनी सलाहकार : दिनेश कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट :0121-2760145, 9720171549
मार्केटिंग टीम : 9219660359, 9411990449,
वरिष्ठ नागरिक संयोजक श्री सुदेश चन्द्र शर्मा पुत्र पं0 होराम शर्मा 245 खारी कुंआ कोतवाली मेरठ, 8630180430
उ0प्र0 ब्यूरोचीफ : अभिलाष गुप्ता 9412203620 प्रभारी दिल्ली एवं महाराष्ट्र : मंजरी गुप्ता, 42 अनामिका अपार्टमेन्ट इन्द्रप्रस्थ विस्तार पटपड़गंज, नई दिल्ली-92
202, बाहर बिल्डिंग, दूरदर्शन हाउसिंग सोसाइटी, गोकुल धाम, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-63

## श्रमशिखर कार्यालय

**मेरठ–श्रीकृष्ण भवन,283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। (0121–2641338) सद्भावना 68ए सांईपुरम, दिल्ली रोड, मेरठ। (9219660359), उत्तराखण्ड – श्री राजेश कुमार गुप्ता, श्री ओम वैष्णव भोजनालय, 78 गांधी रोड, देहरादून (9411548998), गाजियाबाद– (09540018282), अमित कुमार, 705 सी टॉवर, सातवां तल, जी0एच0 1/1, सैक्टर 01, ग्रीन एक्सप्रेस, वैशाली गाजियाबाद,उ0प्र0 09560115905) दिल्ली–राखी मित्तल–एफ–1, त्रवेणी कॉम्पलेक्स शेख सराय फेस–1, न्यू दिल्ली–110017 मो0 9868511922 हरियाणा– राखी मित्तल, रीचमण्ड पार्क डीएलएफ, फेस–4, गुडगांव हरियाणा। मो0 9868511922 मुजफ्फरनगर–विजय बुक स्टोर, मेन रोड, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर। फोनः 9897185208, 9152911899 दिल्ली– Ankit Sisodia GF - 89, Kailash Hills, East of Kailash, New Delhi-110065 श्रीमती रंजीता गर्ग, बी–120, शॉप नं.5,पांडव नगर दिल्ली मो. 9911808555 लखनऊ– अजय श्रीवास्तव, 3/20,विकास नगर लखनऊ फोन9335208218, मुम्बई–अचल गुप्ता, बी– 1603 सनटैक सिटी, गोरेगांव वेस्ट मुम्बई मो.20939916, सरधना–महेश गुप्ता, न्यूज पेपर एजेन्ट मौहल्ला –गुजरान,सरधना, मेरठ । श्रीमति नेहा गोयल फ्लैट नं0 1207 गोमेड ब्लॉक ''माई होम जैवल'' मदीनागुड़ा हैदराबाद 500049**






सद्भावना प्रकाशन (सद्भावना समिति पंजी0), श्रीकृष्ण भवन, 283 वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। मो. 9219660359, **CHAWLA BOOK DEPOT** 194/24, Delhi Road, Opp. Bus Stand, Meerut. Mob :- 0121-2661646, 2656215, 4057122, Em- cbdmeerut@gmail.com, **सोहराब बुक डिपो** मेरठ। मो. 9997135794, **गुप्ता बुक सैन्टर** चौपला रेलवे रोड, मेरठ शहर। मो. 0121–4002623, **चौहान बुक डिपो** आर.जी. डिग्री कॉलेज के सामने, मेरठ। मो. 9219343421, 9897702011, **मास्टरमाइन्ड बुक डिपो** आदित्य पैलेस, तेजगढ़ी गढ़ रोड, मेरठ। मो. 9634788396, 0121–2769198, **आरती बुक गैल्री** आर.जी. डिग्री कॉलेज मेरठ। मो. 9997375735, **गर्ग बुक सेन्टर** निकट, आर.जी. डिग्री कॉलेज, के सामने, वैस्टर्न कचहरी, मेरठ। मो. 9927312765, 8430226686, **मेरठ बुक सेन्टर** गढ बस स्टैण्ड के सामने, मेरठ। मो. 9411446555, 9411262227, **विशाल बुक डिपो** शिव चौक, आर.जी. डिग्री कॉलेज मेरठ। मो. 8881806568, 888180570, **VISHU PUBLICATIONS** Opp. R.G. (P.G.) College W.K. Road, Meerut. Mob :- 9358936616, 9927029396, **BHARAT BOOK CENTER** Railway Road Chowk, Meerut. M. 0121-2523948, 7895343507, **VIJAY BOOKS & STATIONERS** D.N. College Chaupla Railway Road, Meerut. M. 9837309541, **RAGHUNATH BOOK CENTER** R.G. (P.G.) College W.K. Road, Meerut. Mob :- 9897862862, **TIRANGA BOOK CENTER** 6-E Aditya Palace, Tejgarhi, Garh Road, Meerut. spchaudhary2009@gmail.com Mob :- 9719216468, **BOOK CORNER HOUSE OF GENERAL BOOKS** 187, Abu Lane Meerut. Cantt.Mob :- 0121-2660121, **जनता बुक स्टाल** 194/36 रोडवेज के सामने दिल्ली रोड मेरठ। मो. 9758322102, **चन्द्रा ट्रेडर्स** शिवलोक निकट आर.जी इन्टर कॉलेज चिपी टेंक मेरठ। मो. 9634241001, **अश्वनि बुक डिपो** 229, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। **निम्बस बुक डिपो** आर.जी कॉलेज रोड़ मेरठ।, **आर.लाल बुक डिपो** निकट गवर्नमेंट कॉलेज मेरठ। **स्वलंस बुक डिपो** गवर्नमेंट कॉलेज मेरठ। **गर्ग बुक डिपो** पताः 536, लालकुर्ती, बड़ा बाजार, मेरठ कैन्ट। मो. 9690121207, 7417995544 **JITENDRA AGGARWAL VARIETY BOOK DEPOT** 21, Shri Ram Plaza, Roorkee Road, Meerut Cantt. 9411822446



## डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ

153-2022-2024 RNI No. UPHIN/2009/31760

मालिक, प्रकाशक, मीना भूषण ने मुद्रक प्रिटिंग – इम्प्रेशन्स प्रिटिंग – पैकेजिंग लिमिटेड, 164/1, मोहकमपुर, दिल्ली रोड़, मेरठ– 250002 से मुद्रित कराकर श्रीकृष्ण भवन, गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड मेरठ से प्रकाशित किया।

सम्पादकः सुनिता रानी

प्रबन्धकः राकेश गुप्ता

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों एवं लेख के चयन एवं सपांदन हेतु जी. आर.वी. एक्ट के अर्न्तगत उत्तर दायी समस्त विवाद मेरठ न्यायालय के अधीन ही होगें।





